बरेली, गुरुवार
20 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

# दैनिक जागरण

PAGE NO IV : BOTTOM

# जस ने गज ग्रीन्स और हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने हरदोई स्ट्राइकर्स को हराया

- 43 गेंद पर 63 रन और एक विकेट लेने वाले हल्द्वानी के कमल सिंह बने मैन आफ द मैच
- जस क्रिकेट एकेडमी ने पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया जीत का लक्ष्य

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन के दूसरे दिन बुधवार को ग्रुप ए में जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ और गज ग्रीन्स बरेली और ग्रुप सी में हल्द्वानी क्रिकेटर्स और हरदोई स्ट्राइकर्स के बीच मैच खेला गया। जस क्रिकेट एकेडमी ने गज ग्रीन्स बरेली को पांच विकेट से पराजित किया। हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने हरदोई स्ट्राइकर्स को 158 रनों से हराया। 62 रन बनाने वाले जस क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाज यश सिरोही और 63 रन बनाने के साथ एक विकेट लेने वाले हल्द्वानी क्रिकेटर्स के खिलाड़ी कमल सिंह को मैन आफ द मैच रहे।




एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में हल्द्वानी क्रिकेटर्स के कमल सिंह को मैन आफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि • आयोजक

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को टूर्नामेंट का तीसरा मैच सुबह नौ बजे जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ बनाम गज ग्रीन्स बरेली के बीच हुआ। जस क्रिकेट एकेडमी के कप्तान रोबिन सरोज ने टास जीत कर गज ग्रीन्स को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। सलामी बल्लेबाज अभिषेक गंगवार 28 रन, लक्ष्य शर्मा 41, अक्षत नामदेव 40 और अर्पित गुप्ता के 20 रन की बदौलत गज ग्रीन्स ने सात विकेट पर तय 20 ओवर में 160 रन का स्कोर खड़ा किया।

जवाब में जस क्रिकेट एकेडमी ने पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बल्लेबाज अनमोल सचदेवा ने 58 रन, यश सिरोही 62, निकुंज 12 और आदर्श ने 19 रन बनाएं। चौथे मैच में हरदोई स्ट्राइकर्स के कप्तान रुद्र प्रताप ने टास जीत कर हल्द्वानी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया, लेकिन हल्द्वानी के बल्लेबाजों ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाए। हल्द्वानी के लिए कप्तान दीक्षु ने 48 रन, कमल सिंह ने 63, सागर रावत ने 73 और दीपक कोश्यारी ने 19 रन बनाया। हरदोई स्ट्राइकर के लिए कप्तान रुद्र ने तीन विकेट लिए। पहाड़ से स्कोर का पीछा करने में हरदोई स्ट्राइकर की टीम बिखर गई। सभी खिलाड़ी 83 रन पर पवेलियन लौट गए। विशाल 12 रन और ऐश नवलानी के 23 रन को छोड़कर हरदोई स्ट्राइकर का कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक नहीं छू पाया।

## टूर्नामेंट में आज इनके बीच होगा मुकाबला

टूर्नामेंट में गुरुवार को पांचवां मैच सुबह नौ बजे से हरदोई स्ट्राइकर्स बनाम ओएसिस क्रिकेट एकेडमी बरेली (ग्रुप सी) के बीच होगा। इसी क्रम में छठा मैच दोपहर साढ़े बारह बजे से आइके कलेक्शन बरेली बनाम गज ग्रीन्स बरेली (ग्रुप ए) के बीच मैच होगा।